बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

Email- bvapatna@gmail.com

डॉ० राय चन्द्र पासवान
अध्यक्ष
मो० 9471867310

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता
प्रधान महासचिव
मो० 7488601083

पत्रांक- .... दिनांक- 31.05.2020

सेवा में,

सचिव महोदय,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय ः– **पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार में संविदा पर कार्यरत डा0 धनंजय कुमार सिंह की आसामयिक मृत्यु के संबंध में। ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में बहुत दुःख के साथ अनुरोधपूर्वक कहना है कि डा0 सिंह की मृत्यु अस्पताल से घर लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में दिनांक 29.05.2020 को संध्या करीब 7.00 बजे हो गई। डा0 सिंह भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पानापुर, कैमूर के पद पर संविदा पर पदस्थापित थे। इनका परिवार निम्न मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से आता है तथा डा0 सिंह की मृत्यु के पश्चात् इनके दो छोटे–छोटे बच्चों की सारी जिम्मेवारी इनकी पत्नी पर आ गई है जो कि एक साधारण गृहणी है।

अतः महोदय से करवद्ध प्रार्थना है कि COVID - 19 वैश्विक महामारी के दौरान जन सेवा करते हुए दिवंगत डा0 सिंह को CORONA WARRIOR का दर्जा देने के साथ इनकी पत्नी को मानवीय आधार पर विभाग में अनुकम्पा पर नियुक्ति एवं पचास लाख रुपये क्षतिपूर्त्ति अनुदान हेतु संबंधित प्रभाग को निर्देशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

अनु0ः– यथोक्त।

ह0/–
(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव

ज्ञापांक ......48......./ बिप0चि0संघ पटना, दिनांक......31.05.2020

प्रतिलिपि ः– निदेशक, पशुपालन, बिहार को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

31.05.20

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव